आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 18 मार्च 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 120
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

स्वच्छता में फिर मिसाल बनने निकला इंदौर



पेज-2

जिंदगी एक शतरंज की तरह : महक चहल



पेज-5

छावनी अनाज मंडी में 'नो एंट्री' पर बवाल



पेज-6

### दुखद घटना : 3 लोग गंभीर, बिजली बंद होने से घर का इलेक्ट्रॉनिक लॉक नहीं खुला

# ईवी चार्जिंग से घर में लगी आग, 7 की मौत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में बुधवार तड़के करीब 4 बजे भीषण हादसा हो गया। यहां एक इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग में लगी थी, तभी उसमें शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई, जिसने देखते ही देखते तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में लिया। इसमें शहर के बड़े बिजनेसमैन सहित 7 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

पुलिस के अनुसार पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात एक इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से घर तक पहुंची और अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगते ही सिलेंडरों में जोरदार धमाके शुरू हो गए। एक के बाद एक कई सिलेंडर फटे, जिससे पूरा इलाका दहल गया। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया और अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला।

शॉर्ट सर्किट के बाद आग घर में रखे एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच गई और इनमें ब्लास्ट हो गए। हादसे में सौरभ की पत्नी सिमरन की भी मौत हुई है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के








मनोज, मृतक सौरभ, मृतक


सिमरन, मृतक

### बिहार से 6 लोग आए थे, एक बच्चा भी मिसिंग है

तेरापंथ समाज के प्रेम ने बताया कि इनके यहां ससुराल पक्ष से 6 लोग आए थे। इनके घर के 5 लोग और थे। परिवार के मुख्य सदस्य संजय पुगलिया की मौत हो चुकी है। एक बच्चा मिसिंग है।

### हादसे में इनकी हुई मौत

विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) सुमन (60), मनोज (65), सिमरन (30), राशि सेठिया (12), टीनू (35)

### हादसे में ये रहे घायल

सौरभ पुगलिया (30), आशीष (30), हर्षित पुगलिया (25)


मनोज का बड़ा बेटा रो पड़ा



मुताबिक, 7 लोगों का पोस्टमॉर्टम हुआ है। दो लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। चार लोग सिवियर बर्न हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद होने से ये लॉक खुल नहीं पाए, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालना मुश्किल हो गया। बचाव दल को दरवाजे तोड़कर अंदर प्रवेश करना पड़ा।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त घर में कई रिश्तेदार भी मौजूद थे।

### पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था हादसा

इससे पहले 23 अक्टूबर की सुबह इंदौर के कारोबारी और कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल के घर भी ऐसा ही हादसा हुआ था। उनके घर मंदिर में जल रही अखंड ज्योति से आग पूरे पेंट-हाउस में फैल गई थी। उनके यहां भी आग से घर में लगे डिजिटल लॉक ने काम करना बंद कर दिया था। प्रवेश अग्रवाल की पत्नी और बेटी को बचाकर अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें बचाते हुए प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई थी।



*बहुत दुखद घटना है। अलार्मिंग भी है, क्योंकि ईवी का युग है। इसकी चार्जिंग में आग लगी है। पूरा समाज ईवी की तरफ जा रहा है। पुलिस कमिश्नर से कहा है कि इसके लिए एक्सपर्ट की कमेटी बनाएं, ताकि इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। इसकी पूरी जानकारी लेकर इसकी एसओपी बनाना चाहिए।*

– ***कैलाश विजयवर्गीय,*** *मंत्री*



*दुखद घटना है, सरकार परिवार के साथ खड़ी है।*

– ***तुलसी सिलावट,*** *मंत्री*

■ *चार्जिंग पॉइंट पर विस्फोट हुआ, वहां से आग घर में फैली, घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक भी थे, जो बिजली बंद होने के बाद नहीं खुले। गैस की टंकियों में भी विस्फोट हुआ है।*

– ***संतोष कुमार सिंह,*** *पुलिस कमिश्नर, इंदौर*

## न्यूज ब्रीफ

- साउथ लेबनान में इजरायल की ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक, बेरुत में एक इमारत तबाह
- दिल्ली : पालम में एक इमारत में लगी आग, मौके पर पहुंचे 25 फायर ब्रिगेड
- UAE के कई इलाकों में एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन हमले
- क्षेत्रीय सुरक्षा पर आज अरब और इस्लामिक विदेश मंत्रियों की मीटिंग, सऊदी करेगा मेजबानी
- अमेरिकी दूतावास के पास धमाके, 3 ड्रोन हमलों से बगदाद में हड़कंप
- इजरायल में मिसाइल अटैक, तीसरी मंजिल पर मिसाइल गिरी, 2 की मौके पर मौत
- यूपी : फर्रुखाबाद में सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह के घर धमाका, 6 लोग घायल
- हॉर्मुज पर ऑपरेशन से फ्रांस का इनकार, मैक्रों बोले- हम इस जंग का हिस्सा नहीं
- तेहरान से पुष्टि - ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारिजानी मारे गए
- 'हमने अकेले किया सब', ईरान पर हमले के बाद ट्रंप का NATO को तंज

# मंडल स्तर तक संगठन को मजबूत करने उतरी भाजपा

### कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

### भाजपा मोर्चों को मजबूत करने में जुटी, जनभागीदारी समितियों में भी नियुक्तियों की तैयारी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● भारतीय जनता पार्टी अब संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत बड़े स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बाद अब इन्हें मंडल स्तर तक ले जाया जाएगा।

इस अभियान की जिम्मेदारी पार्टी के जिला प्रभारी, संभाग प्रभारी और सरकार के प्रभारी मंत्रियों को दी गई है। यही वजह है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों-टीकमगढ़, छतरपुर, छिंदवाड़ा और भोपाल में प्रभारी मंत्रियों द्वारा लगातार बैठकों का दौर जारी है और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दिशा दी जा रही है। दरअसल, भाजपा आगामी नगरीय निकाय और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर




अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए नए कार्यकर्ताओं, खासकर युवाओं और महिलाओं को सक्रिय किया जा रहा है। साथ ही उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही हैं। पार्टी अब अपने विभिन्न मोर्चों-युवा, महिला, किसान, अनुसूचित जाति और जनजाति मोर्चा-को भी मजबूत करने में जुटी है। इसके तहत जल्द ही जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की जाएंगी। कोर कमेटी से प्रत्येक पद के लिए तीन-तीन नाम मांगे गए हैं। मोर्चों की कार्यकारिणी घोषित न होने से अब तक उनकी गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं, जिन्हें जल्द गति देने की तैयारी है।

जनभागीदारी समितियों में भी होंगी नई नियुक्तियां: इधर, प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में जनभागीदारी समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वर्ष 2022 में गठित इन समितियों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। नवंबर 2025 तक 300 से अधिक समितियों का कार्यकाल समाप्त हो गया था, जबकि अन्य कॉलेजों की समितियां भी अब खत्म हो चुकी हैं। सरकार ने नई नियुक्तियों के लिए तीन-तीन नाम मांगे हैं। तीन साल के कार्यकाल वाली इन समितियों के जरिए प्रदेशभर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं को संस्थागत भागीदारी का अवसर मिलेगा।

## एक अप्रैल से बिजली होगी महंगी, अगले हफ्ते जारी होगा नया टैरिफ

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश के डेढ़ करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को एक अप्रैल के बाद से बिजली के झटके लगेंगे। असल में मप्र विद्युत नियामक आयोग वित्त वर्ष 2026-27 का नया बिजली टैरिफ अगले सप्ताह जारी करने की तैयारी कर रहा है। पिछले साल बिजली दरों में 3.46 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। जबकि कंपनियों ने 7.52 प्रतिशत बिजली महंगी करने की अनुमति मांगी थी।

**10.20% बिजली महंगी करने का है प्रस्ताव**

मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने तीनों विद्युत वितरण कंपनियों की ओर से नए साल में बिजली की दरों में 10.20 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को सौंपा था। असल में इन बिजली कंपनियों ने आयोग से मांग की थी कि उन्हें 6044 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इसकी भरपाई की लिए बिजली महंगी करने की अनुमति आयोग से मांगी गई थी। 6,044 करोड़ के घाटे में से 3,451 करोड़ का घाटे पिछले नौ सालों की अवधि का है, जिसे नियामक आयोग पहले ही नकार चुका है। इधर, आयोग भी फरवरी माह में तीनों विद्युत कंपनियों के क्षेत्र में जनसुनवाई कर लोगों के दावे-आपत्तियां सुन चुका है। मालूम हो कि इस बार अधिकांश आपत्तिकर्ता ने बिजली दरों को महंगी करने का जमकर विरोध किया है।

## 200 बार लिया नाम फिर भी नहीं मिली शाबाशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● संसद की कार्यवाही अक्सर तीखी बहस और हंगामे के लिए जानी जाती है, लेकिन कभी-कभी सदन में कुछ ऐसे पल आते हैं जो गंभीर माहौल को हल्का कर देते हैं। मंगलवार को राज्यसभा में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की चुटकी ली।

राजीव शुक्ला का यह अंदाज न केवल सदन में मौजूद सदस्यों को भा गया, बल्कि अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। सदन में विनियोग विधेयक और ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के लिए जैसे ही राजीव शुक्ला का नाम पुकारा गया और वे बोलने के लिए खड़े हुए, सत्ता पक्ष की ओर से शोर-शराबा शुरू हो गया। इस पर शुक्ला ने बेहद सहज भाव से तंज कसते हुए कहा, 'अरे कितनी चमचागिरी भाई? कुछ तो शांत हो जाओ।' उन्होंने आगे कहा कि वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले 30 सालों से





जानते हैं। चर्चा का सबसे दिलचस्प हिस्सा वह था जब राजीव शुक्ला ने सीधे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाषण की शैली पर सवाल उठाया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि शिवराज जी ने अपने लंबे-चौड़े भाषण में कम से कम 200 बार प्रधानमंत्री का नाम लिया होगा। शुक्ला ने तंज के लहजे में आगे कहा कि अक्सर जब प्रधानमंत्री को किसी का भाषण अच्छा लगता है, तो वह ट्वीट करके उसकी सराहना करते हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि शिवराज सिंह द्वारा इतनी बार नाम जपने के बावजूद, प्रधानमंत्री ने अब तक उनके लिए कोई ट्वीट नहीं किया है।

## कैंसर के मरीजों को मुफ्त मिलेगा दो लाख तक का इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● कैंसर मरीजों के लिए राहतभरी खबर है। प्रदेश के शासकीय कैंसर अस्पतालों में जल्द ही महंगी इम्यूनोथैरेपी दवा के इंजेक्शन पात्र मरीजों को नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार अप्रैल से इन दवाओं को खरीदी सूची में शामिल करने की तैयारी कर रही है, जिसके बाद इनकी सप्लाई शुरू हो जाएगी। डॉक्टरों के अनुसार इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार का अहम हिस्सा है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। यह उपचार फेफड़ों, सिर-गर्दन, त्वचा, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) सहित कई प्रकार के कैंसर में प्रभावी माना जाता है। कई मामलों में इससे मरीजों की जीवन अवधि बढ़ाने में भी मदद मिलती है। अभी तक ये इंजेक्शन निजी अस्पतालों में काफी महंगे मिलते हैं। एक डोज की कीमत 85 हजार से लेकर 1.70 लाख रु. तक होती है, जबकि पूरे इलाज में 8 से 10 लाख तक खर्च आ सकता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए इलाज कराना मुश्किल हो जाता है। हालांकि यह इंजेक्शन हर मरीज को नहीं दिया जाता।

## राज्यसभा की बदली तस्वीर : राजग को मिला बहुमत, विपक्ष की राह हुई मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● राज्यसभा की 37 सीटों के लिए हुए हालिया चुनावों ने संसद के ऊपरी सदन की तस्वीर बदल दी है. इन चुनावों के बाद एनडीए ने न सिर्फ निर्णायक बढ़त हासिल की है, बल्कि अब सदन में उसका बहुमत भी सुनिश्चित हो गया है. 37 सीटों में से 11 पर मतदान हुआ, जिसमें एनडीए ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की. वहीं, बाकी 26 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुआ, जहां एनडीए को 13 सीटें मिलीं.

इस तरह कुल 37 में से 22 सीटें एनडीए के खाते में गईं, जबकि विपक्ष 15 सीटों पर सिमट गया. चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने खास प्रदर्शन किया. बिहार और ओडिशा में एक-एक अतिरिक्त सीट हासिल की, जबकि हरियाणा में कांटे की टक्कर के बाद भी एक सीट जीतकर समीकरण अपने पक्ष में कर लिया. राज्यसभा की कुल प्रभावी संख्या 250 है और बहुमत का आंकड़ा 126 सीटों का है. ताजा स्थिति में एनडीए 135 से बढ़कर 141 सीटों पर पहुंच गया है यानी बहुमत के आंकड़े से काफी आगे. एनडीए के भीतर सबसे बड़ी ताकत भारतीय जनता पार्टी है, जिसके पास



अकेले 106 सीटें हैं. मगर असली मजबूती सहयोगी दलों के व्यापक फैलाव से आती है.

तेलुगु देशम पार्टी (2), जनता दल (यूनाइटेड) (4), शिवसेना (2), राष्ट्रीय लोक दल (1), जनता दल (सेक्युलर) (1), असम गण परिषद (1), दक्षिण भारत और क्षेत्रीय सहयोगियों का भी अहम योगदान, AIADMK (5), नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (4), PMK (1), पूर्वोत्तर से भी समर्थन, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल (2), मिजो नेशनल फ्रंट (1), नेशनल पीपुल्स पार्टी (1), छोटे सहयोगियों की भी अहम भूमिका, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) (1), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (1), निर्दलीय (कार्तिकेय शर्मा) (1)

न्यूज ब्रीफ

### गीता भवन ट्रस्ट में राम ऐरन पुनः अध्यक्ष, राठी सचिव एवं बाहेती कोषाध्यक्ष - मित्तल अस्पताल सचिव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गीता भवन न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संरक्षक न्यासी विनोद अग्रवाल एवं वरिष्ठ न्यासी प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई जिसमें गीता भवन ट्रस्ट मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। समाजसेवी राम एरन पुनः अध्यक्ष चुन लिए गए। अन्य पदाधिकारियों में रामविलास राठी सचिव, मनोहर बाहेती कोषाध्यक्ष एवं गीता भवन अस्पताल की संचालन समिति में दिनेश मित्तल सचिव तथा सर्वश्री प्रेमचंद गोयल, महेशचंद्र शास्त्री, राजेश गर्ग केटी, हरीश जाजू एवं मनोहर बाहेती सदस्य मनोनीत किए गए।

### मुनि श्री विमल सागर जी महाराज को किया श्रीफल भेंट



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक दलाल बाग परिसर में (छत्रपति नगर के समीप) होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य पूज्य मुनि श्री विमल सागरजी महाराज एवं मुनिश्री अनंत सागर जी महाराज का गंजबासौदा से इंदौर के लिए बिहार चल रहा है। समाज श्रेष्ठियों ने मुनि श्री से सोजन्य भेंट कर,श्रीफल समर्पित कर छत्रपति नगर में पधारने के दौरान तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय परिसर में निर्मित संत सदन में प्रवास एवं विश्राम करने का विनम्र अनुरोध किया।

वासंतिक नवरात्र पर्व एवं रौद्र नामक शुभ विक्रम संवत् 2083 होगा प्रारंभ, इसी दिन महाराष्ट्र एवं मध्य इलाकों में गुड़ी पाड़वा का पर्व भी मनाया जाएगा

# चैत्र नवरात्र कल से, प्रतिपदा तिथि क्षय होने के बावजूद नौ दिन मनाया जाएगा नवरात्र पर्व

**घट स्थापना के लिए गुरुवार दोपहर 12.08 से 12.53 बजे तक रहेगा अभिजीत मुहूर्त**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हिनस्ति दैत्यतेजासि स्वेननापुर्व य जगत स घंटा पातु नो देवी पापेभ्यो नः सुतनिव।। हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वेननापूर्य या जगत सा घंटा पातु नो देवी । पापेभ्यो नः सुतानिव।। भावार्थः वह देवी जो अपनी ध्वनि से संसार को भर देती हैं और राक्षसों की शक्ति को कम कर देती हैं। है घंटी रूपी देवी, हमारी रक्षा करें, जैसे एक माँ अपने बच्चों को पापों से बचाती है।

हिन्दू नववर्ष, रौद्र नामक शुभ विक्रम संवत् 2083 एवं वासंतिक (चैत्र) नवरात्र पर्व की शुरुआत गुरुवार 19 मार्च से हो रही है। प्रतिपदा तिथि के क्षय होने से उद्यातकालीन अमावस तिथि में शुक्ल एवं सर्वार्थसिद्धि योग के शुभ संयोग तथा अमावस तिथि की समाप्ति के पथात (प्रातः 06.53 बजे के बाद) एवं अभिजीत मुहूर्त में नवरात्र के लिए घट स्थापना की जा सकती है। इसी दिन महाराष्ट्र एवं मध्य इलाकों में गुड़ी पाड़वा का पर्व भी मनाया जाएगा। इस प्रकार यह दिन धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत अनुसार महत्वपूर्ण रहेगा। जय महाकाली मंदिर खजराना के संरक्षक पं. गुलशन अग्रवाल के अनुसार नवरात्र पर्व में प्रतिपदा तिथि के क्षय होने के बावजूद भी इस वर्ष अमावस तिथि में घट स्थापना होने से चैत्र नवरात्रि सम्पूर्ण 9 दिवसीय है। इस वर्ष नवरात्र पर्व में महाष्टमी का पूजन 26 मार्च



गुरुवार एवं महानवमी का पूजन 27 मार्च शुक्रवार को होगा। गुरुवार को नवरात्र घटस्थापना के लिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 6.53 बजे से 7.53 बजे तक (द्विस्व लग्न नवांशशुभ चौघड़िया) में रहेगा। इसके अलावा प्रातः 10.24 से 10.37 बजे तक स्थिर लग्न नवांश, प्रातः 11.02 से 11.32 बजे तक स्थिर लग्नवर चौपड़िया, दोपहर 12.08 बजे से 12.56 बजे तक द्विस्व लग्न अभिजीत लाभ चौघड़िया रहेगा। इसके अलावा दैनिक चौघड़िये अनुसार प्रातः 06.53 से 08.02 बजे तक शुभ, प्रातः 11.02 से दोप. 12.32 बजे तक चर, दोपहर 12.33 से 02.01 बजे तक लाभ और अपराह 5.01 से सायं 06.31 बजे तक शुभ चौघड़िये में भी घटस्थापना की जा सकती है।

**ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र नवरात्र से से शुरू हुई थी सुष्टि**– ब्रहा पुराग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन सूर्योदय के समय बडाजी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। यह भी मान्यता है कि इसी तिथि से सातयुग का आरंभ हुआ था। बाद में सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य में इसी दिन से नए सकसर की गणना शुरू की। उनके नाम पर ही इस पंचांग को विक्रम संवत कहा गया। तभी से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिंदू नव्यर्थ के रूप में मनाने की परंपरा चली आ रही है। इसके अलावा भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म भी चैत्र नवरात्रि में ही हुआ था।

## अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र के गणगौर महोत्सव में हुई रंगारंग स्पर्धाएं



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में वरुण विक्ट्री परिसर सभा गृह में आयोजित भव्य गणगौर मेले में अग्रवाल-वैश्य समाज की 2 हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी उत्साहपूर्ण मौजूदगी दर्ज कराई और शुभ सिटी से लेकर वरुण विक्ट्री तक गणगौर का बाना भी निकाला। मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच लगाकर बैंड-बाजों सहित निकले इस बाने का आत्मीय स्वागत भी हुआ। संगठन के संस्थापक अरविन्द बागड़ी ने बताया कि गणगौर महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए बनी-ठनी, मिस्टर एंड मिसेज एसर-पार्वती, बिंजौरा सजाने सहित अनेक स्पर्धाएं भी आयोजित की गई। इस दौरान म्यूजिकल तम्बोला का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम विजेता को इलेक्ट्रिक कायनेटिक टू व्हीलर एवं लक्की ड्रा के साथ डेढ़ लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार भी मुख्य अतिथि विजय मन्नालाल गोयल, प्रकाश अग्रवाल मोमबत्ती, प्रेमचंद गोयल, राजेश गर्ग केटी, विष्णु बिंदल एवं रामनारायण अग्रवाल ने भेंट किए। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम प्रभारी सतीश गोयल हरसूद, मनीष अग्रवाल, गोविन्द मोरनी, अभिषेक मित्तल, दिलीप नरेडी, निधि बागड़ी, दिलीप पालदा, ज्योति अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विकास मित्तल, शीतल तोड़ीवाला, शशि एरन एवं अनिल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विभोर एरन ने किया।

## विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 और 3 के मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग, भाजपा नेताओं ने संबोधित किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महा अभियान के अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 और तीन के मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के मंडल प्रशिक्षण वर्ग बेस्ट प्राइस के पास अग्रसेन महासभा भवन में आयोजित किए गए हैं। यहां नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेंद्र हार्डिया ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के छत्रसाल मंडल, संत कबीरदास मंडल, सरदार वल्लभ भाई पटेल मंडल, शिवाजी मंडल, डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम मंडल, वीर सावरकर मंडल और ज्योतिबा फूले मंडल का प्रशिक्षण वर्ग बेस्ट प्राइस के पास अग्रसेन महासभा भवन में आयोजित किया गया। छत्रसाल मंडल के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना गौरव की बात है, क्योंकि हम विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के कार्यकर्ता हैं, हम सौभाग्यशाली हैं क्योंकि हमें विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के सबसे सशक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला है। उनके नेतृत्व में आज भारत माता का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है, क्योंकि हम सब दायित्ववान कार्यकर्ता है, इसलिए प्रशिक्षण जरूरी है। प्रशिक्षण से हम अपने विचार के प्रति और अधिक दृढ़ता होते हैं। आज यदि हमारा संगठन वटवृक्ष के रूप में स्थापित हुआ है तो यह प्रशिक्षण से ही सम्भव हुआ है। इस अवसर पर महेंद्र हार्डिया, वासुदेव पाटीदार, अशोक अधिकारी, नेहा शर्मा, राजा कोठारी, दीपेश पालविया, रामबाबू यादव, राजेश उदावत, प्रणव मंडल, राजीव जैन, सुनीता महेश जोशी, पुष्पेन्द्र पाटीदार आदि उपस्थित थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के मंडल का प्रशिक्षण वर्ग पामट्री गार्डन एवं मधुर मिलन गार्डन में सम्पन्न हुए। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।

## सरयू पारी ब्राह्मण समाज द्वारा फूलों से फाग उत्सव (फगुआ खेला) गया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सरयू पारी ब्राह्मण MR 9 इकाई के अशोक पाण्डेय, नितिन मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि खजराना गणेश मंदिर प्रवचन हाल में समाज के द्वारा फगुआ खेला गया जहां पर भजन गायक सोनू दुबे ने कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी साथ ही फाग के गीत गाए। वही समाज के वरिष्ठ चंद्रमोहन दुबे, राकेश पांडे द्वारा उत्तर प्रदेश के फाग गीत गाकर लोगों ने खूब आनंद लिया साथ ही मातृशक्ति श्रीमती सत्यभामा शुक्ला, श्रीमति कल्पना पांडे ने बताया कि मात्र शक्तियों ने एक दूसरे के साथ में फूलों के साथ में गुलाल भी खेल और अपने गांव के दिन याद करते हुए खूब आनंद लिया। गौतम तिवारी और अल्केश पांडे, वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि समाज के वरिष्ठ अध्यापक सुरेश प्रसाद पांडे और वरिष्ठ सहयोगी अवधेश शुक्ला सम्मान भी किया गया।

## .श्रीमती वर्मा को श्रद्धांजलि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती सुभद्रा देवी वर्मा के निधन पर स्वदेशी मिल गणेश उत्सव समिति के



अध्यक्ष कन्हैयालाल मरमट सचिव चंपालाल वर्मा कोषाध्यक्ष हीरालाल वर्मा गेंदालाल वर्मा राजेंद्र गोमे लाखन सिंह तोमर.सुरेश वर्मा मनोज मालवीय चंद्रशेखर रायकवार नवयुवक मंडल के सतीश मरमट हंसराज वर्मा दीपू वर्मा राकी वर्मा ने भावभीनी श्रद्धांजलि देकर श्रीमती वर्मा को हंसमुख मिलन सार शादाजीवन उच्च विचार की एक महिला थी । पूरी गणेशोत्सव समिति द्वारा श्रंद्धाजलि अर्पित किया ।



## नन्द बाग इकाई द्वारा फाग उत्सव मनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सरयूपारिण ब्राह्मण मंच सेवा समिति इंदौर और उनकी सहयोगी टीम संगम नगरी इकाई और नन्द बाग इकाई द्वारा फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह 15 मार्च रविवार को श्वेता परिसर नन्द बाग इंदौर में किया गया जिसमें शंकर पार्वती और राधा कृष्ण तथा बाल हनुमान जी के साथ बहुत ही सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया एवं आपसी भाईचारे के साथ रंगों का त्यौहार मनाया गया,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाजजनों को आपस में जोड़ना एवं होली मिलन समारोह द्वारा समाज को एक जुट करना था। सरयूपारिण ब्राह्मण मंच नन्द बाग इकाई के अध्यक्ष पं मनीष तिवारी जी कार्यक्रम प्रभारी पं दुर्गा संकर ( बबलू ) मिश्रा, पंडित राजेश उपाध्याय संगम नगर इकाई के अध्यक्ष डॉ निलेश दुबे पं डी डी तिवारी और महिला समिति की अध्यक्ष प्रीति दुबे और नन्द बाग इकाई से पंडित शोभ नाथ शुक्ला पं ज्ञान चन्द मिश्रा शिव कुमार तिवारी पं पंकज मिश्रा पं सुनील मिश्रा पं गुड्डू मिश्रा पं उमाकांत तिवारी नन्द बाग के सभी कार्य कर्ता का विशेष रुप से सहयोग रहा।



## अभा पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में इंदौर दबदबा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विद्युत मंडल की 47वीं अखिल भारतीय पावर लिफ्टिंग एवं बॉड़ी बिल्डिंग प्रतियोगिता कोटा के सुपर थर्मल पावर स्टेशन परिसर में आयोजित हुई। इसमें मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खिलाड़ियों ने भाग लेकर एक स्वर्ण समेत पांच पदक अर्जित किए है। पश्चिम क्षेत्र कंपनी के पृथ्वीराज चौधरी ने 66 किग्रा वर्ग में पावर लिफ्टिंग में भाग लेकर कुल 497 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। सुरेंद्र कुमार पटेल ने 59 किग्रा वर्ग में भाग लेकर 422 किग्रा भार उठाकर रजत पदक हासिल किया। नीरज चौहान ने 74 किग्रा वर्ग में 580 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीता। इसी तरह कंपनी इंदौर शहर वृत्त में कार्यरत विशाल वर्मा ने 93 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए 565 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक अर्जित किया। कंपनी के ही संदीप मौर्य ने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर कांस्य पदक हासिल किया। इन सफल खिलाड़ियों ने मंगलवार शाम कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान से भेंटकर कोटा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता व मुकाबलों के साथ ही इंदौर की खेल गतिविधियों की जानकारी दी।

## इंदौर प्रेस क्लब में मनाया जन्मदिन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सोशल मीडिया के फेसबुक पर 365 दिन रोजाना रोचक जानकारी पोस्ट करने वाले इन्दौर प्रेस क्लब के सक्रिय सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश भार्गव का जन्म दिन प्रेस क्लब परिसर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य मनीष मक्खर व विजय भट्ट पत्रकार राजेन्द्र कोपरगांवकर, प्रकाश तिवारी, शैलेष पाठक, लोकेश पाल, आशीष तिवारी, अशीक गौड़ की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

## समाधान योजना में अब तक 7.89 लाख लाभान्वित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तीन माह से अधिक के बकाया बिलों के लिए 31 मार्च तक लागू समाधान योजना का लाभ लेने की अपील की है। इसके अंतर्गत पुराने बकाया बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज राशि पर 70 से 90 प्रतिशत तक एवं किश्तों में बिल भुगतान का विकल्प चुनने पर 50 से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

‘बस्ती बेमिसाल’ की शुरुआत, महापौर और आयुक्त ने लगाई झाड़ू

# स्वच्छता में फिर मिसाल बनने निकला इंदौर

**बस्ती के घर में चाय पी और की चर्चा**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वच्छता में देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुके इंदौर ने अब ‘बस्ती बेमिसाल अभियान’ के माध्यम से शहर की स्लम बस्तियों को भी नई पहचान देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। 17 से 23 मार्च तक चलने वाले इस विशेष अभियान में शहर की 29 बस्तियों में स्वच्छता, जनजागरूकता और सौंदर्गीकरण के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ मंगलवार को वार्ड क्रमांक 31 स्थित शिवनगर (बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे) में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त क्षितिज सिंघल ने किया। इस दौरान आयोजित स्वच्छ चौपाल में जनप्रतिनिधियों ने रहवासियों से सीधे संवाद कर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस दौरान महापौर-आयुक्त ने अन्य के साथ झाड़ू भी लगाई।

**इंदौर की पहचान बस्तियों की जागरूकता से: महापौर**–महापौर श्री भार्गव ने कहा कि इंदौर की स्वच्छता केवल बड़ी कॉलोनियों की वजह से नहीं, बल्कि बस्तियों में रहने वाले जागरूक नागरिकों और विशेषकर महिलाओं के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने शिवनगर को उदाहरण बताते हुए कहा कि यह बस्ती शत-प्रतिशत शौचालय सुविधा के साथ स्वच्छता की मिसाल पेश कर रही है। महापौर ने संवाद के दौरान महिलाओं से कचरा





पृथक्करण, डोर-टू-डोर कलेक्शन और दैनिक स्वच्छता आदतों पर चर्चा की। महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। महापौर, निगम आयुक्त, अधिकारियों और जनप्रतिनिधयों ने साथ अभियान के बाद शिव नगर बस्ती में रहने वाले गब्बर कनीराम सिरसाटे के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात की और चाय पर परिवार के लोगों के साथ बातचीत की।

**रेड स्पॉट मुक्त बस्तियों का लक्ष्यः** महापौर ने नागरिकों से अपील की कि गुटखा तंबाकू से बनने वाले ‘रेड स्पॉट’ को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता घर के अंदर ही नहीं, घर के बाहर और पूरे मोहल्ले की जिम्मेदारी भी है। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अभियान के अंत में सबसे स्वच्छ और सुंदर बस्ती का चयन कर सम्मानित किया जाएगा, जिससे नागरिकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

**एक साथ गतिविधियां**–अभियान के तहत शहर की 29 बस्तियों ईश्वर नगर, विकास नगर, नट कॉलोनी, बजरंग नगर, गोसिया नगर, नया बसेरा, प्रेम नगर, अन्नाभाऊ साठे बस्ती, इंदिरा एकता नगर, अनुराधा नगर, भावना नगर, बनवारी नगर, रमाबाई कॉलोनी, अहमद नगर, बापू गांधीनगर, शिव बस्ती, लसूडिया मोरी, निरंजनपुर, विस्तारा कांकड, शिवनगर सहित अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता चौपाल, कचरा पृथक्करण, पौधारोपण और पेटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

### श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया जनप्रतिनिधियों ने रहवासियों के साथ

कार्यक्रम में महापौर, आयुक्त एवं अन्य मिलकर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान पार्षद बाल मुकुंद सोनी, अपर आयुक्त प्रखर सिंह, महापौर प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयुक्त सिंघल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से सभी 29 बस्तियों में स्वच्छता को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे निगम टीम के साथ मिलकर इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। उन्होंने लोगों से अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, बुधवार 18 मार्च 2026

## राजस्थान तरफ से आ रही गर्म हवा कमजोर पड़ते ही 35 डिग्री पर आया तापमान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● छह दिन में 3 डिग्री गिरा पारा, रात के तापमान में भी कमी आई, सुबह हलकी ठंड का हो रहा अहसास गर्मी ने फिर यू-टर्न लिया है। राजस्थान तरफ से आ रही गर्म हवा कमजोर पड़ते ही दिन-रात के तापमान में एकदम से गिरावट आ गई। छह दिन पहले अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया था, जो घटकर 35 डिग्री पर आ गया है। वहीं दो रात पहले 19 डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री के लेवल पर आ गया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया।



गर्म हवाओं का असर कम होने से पिछले तीन दिन से सुबह 8 बजे के समय भी ठंडापन

महसूस हो रहा है। अच्छी बात यह है कि 22 मार्च तक भी मौसम इसी तरह राहत देने वाला बना रहेगा। माह के शुरुआती दिनों में रही तपिश, अब आई कमी पिछले 11 साल के मुकाबले इस बार मार्च का महीना गर्मी के मामले में उलटा बीत रहा है। इस बार माह के शुरुआती 11 दिन तपाने वाले रहे। 15 मार्च के बाद से तापमान बढ़ने के बजाय घट रहा है। आज से हलके बादल छाने के आसार बुधवार से हलके बादल जाएंगे। आने वाले दिनों में हलकी बारिश भी हो सकती है। आमतौर पर मार्च के शुरू में ही इस तरह के डिस्टर्बेंस आने लगते हैं, इस बार 17 मार्च के बाद से एक्टिविटी शुरू होगी।

## चौपाटी पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर विवाद

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में अस्थायी चौपाटी संचालन करने वाले एक व्यवसायी ने क्षेत्रीय पार्षद पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता कपिल भीलवारे निवासी प्लॉट नंबर 652-653 महालक्ष्मी नगर ने आरोप लगाया है कि वार्ड 37 की पार्षद के पति महेश जोशी ने उनसे प्रति माह 30 हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग की थी। विरोध करने पर कथित रूप से धमकी दी गई कि क्षेत्र में बिना भुगतान के व्यापार नहीं चलने दिया जाएगा। कपिल भीलवारे के अनुसार अक्तूबर 2025 में पार्षद पति महेश जोशी चौपाटी स्थल पर पहुंचे थे और वहां संचालित दुकानों से मासिक वसूली की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि पैसे देने से इनकार करने पर उन्हें जातिसूचक शब्द कहे गए और यह कहा गया कि क्षेत्र में उन्हीं का प्रभाव चलता है। साथ ही कथित रूप से बुलडोजर चलवाकर दुकानें हटवाने की चेतावनी भी दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद 14 नवंबर 2025 को निगम की ओर से संपत्ति जांच, नपती और दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस दिया गया था। कपिल का कहना है कि उन्होंने सभी रजिस्टर्ड दस्तावेज और निगम कर से संबंधित कागजात निगम को सौंप दिए थे तथा कर का भुगतान भी कर दिया गया था। इसके बावजूद सोमवार 17 मार्च 2026 को निगम अमले द्वारा चौपाटी पर बुलडोजर कार्रवाई कर दी गई।

### न्यूज ब्रीफ

## दशहरा मैदान पर कल से 9 दिवसीय 'सबके राम' महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा 19 से 27 मार्च तक होने वाले 'सबके राम' महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को सुबह 10 बजे शहर के प्रमुख संतों-महंतों के सानिध्य एवं विहिप तथा संघ सहित प्रमुख प्रतिनिधियों के आतिथ्य में भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के जयघोष, गुड़ी पूजन एवं तदपश्चात श्रीराम महायज्ञ तथा वृन्दावन के भव्य प्रेम मंदिर की प्रतिकृति के दर्शनों के साथ होगा। वृन्दावन से लाई गई पवित्र रज एवं यमुना सहित देश की पवित्र नदियों के पावन जल के दर्शन भी यहां आम भक्तों को प्रतिदिन होंगे। 'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि महोत्सव में प्रतिदिन सायं 6 बजे रामगीत धुन, सायं 7 बजे आरती एवं रात 8 बजे से प्रख्यात कलाकारों एवं रंगकर्मियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण के प्रमुख केन्द्र होंगे।

## संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर 14 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● केंद्रीय समिति सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकलेगी। यात्रा की तैयारियां जोरों शोरो से शुरू हो चुकी है,मंगलवार को बड़ी बैठक आयोजित हुई जिसमें 19 गौठ के पदाधिकारियों ने एकजुटता के साथ संकल्प लिया,कई निर्णय लिए। केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर के अध्यक्ष निलेश सेन (शेलू),संदीप श्रीवास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेन जयंती पर सेन एकता शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकलेगी। दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर सेन स्मारक चौराहा चाणक्यपुरी पर संपन्न होगी जिसमें सेन समाज के सभी 19 गौठ ओर संगठन बारबर एसोशिएशन के पदाधिकारी और सेन समाज के लोग जुटेंगे। सेन समाज की मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी ऐतिहासिक शोभायात्रा होगी। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव के सम्मिलित होने की संभावना भी जताई जा रही है।

## माँ हिंगलाज रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकली, हुई महाआरती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● माँ हिंगलाज प्राकट्य उत्सव पर भावसार क्षत्रिय समाज ने मंगलवार को भव्य शोभायात्रा आदर्श इंदिरा नगर स्थित मां हिंगलाज मंदिर से निकाली,रथ पर सवार होकर मां हिंगलाज दर्शन देने निकली,महाआरती हुई। भावसार क्षत्रिय महासभा के प्रांतिय अध्यक्ष विपिन भावसार, सचिव प्रदीप भावसार ने बताया कि कृष्णपक्ष त्रयोदशी को भावसार बंधु माँ हिंगलाज का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया। भावसार क्षत्रिय समाज इंदौर द्वारा प्राकट्य उत्सव पर प्रात: अभिषेक, यज्ञ, छप्पन भोग, माँ का श्रृंगार दर्शन, प्रसादी अर्पण हुआ।

## इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन में गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए नवीन कंस्ट्रक्शन मटेरियल का उपयोग

### प्लास्टिक का सरिया नहीं, जीएफआरपी आधुनिक तकनीक जो स्टील का विकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●मप्र सड़क विकास निगम द्वारा इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए एक नवीन तकनीक वाले मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। एमपीआरडीसी के प्रबंधक श्री गणेश भाभर ने बताया कि इस सिक्स लेन मार्ग में स्टील के मटेरियल(सरिया) के स्थान पर ग्लास फाइबर रिन्फोर्सड पॉलीमर वाले मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। जीएफआरपी विनिर्देशों के अनुरूप इस सामग्री का उपयोग आईआरसी 137:2022 के तहत है। सड़क निर्माण में उपयोग में लाए जा रहे मटेरियल को लेकर पिछले 2 दिनों से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गुणवत्ता को लेकर प्रश्न उठाये गए है। सोशल मीडिया में प्रसारित किए गए वीडियो व रील में दिखाए गए प्लास्टिक के सरिए के साथ सड़क निर्माण करना बताया जा रहा है। जो कि तथ्यों से परे है, क्योंकि उपयोग किया जा रहा सरिया प्लास्टिक का नहीं बल्कि ग्लास फाइबर रिन्फोर्सड पॉलीमर है।

**स्टील सरिया के स्थान पर जीएफआरपी ही क्यों**-विभाग द्वारा बताया गया है कि स्टील के सरिये में जल्दी जंग लगने की संभावना रहती है। जबकि जीएफआरपी में कभी जंग नहीं लगता वहीं स्टील सरिया भारी होता है और जीएफआरपी बहुत हल्का होता है। भले ही इसका वजन कम है लेकिन खिंचाव सहने की शक्ति स्टील से कही अधिक होती है। जीएफआरपी में बिजली और गर्मी पास नहीं होती, जो इसे पॉवर प्लांट और एमआरआई रूम जैसी जगहों के लिए सुरक्षित बनाती है। स्टील सरिये को साइट पर मोड़ सकते है, साइट पर मोड़ना मुश्किल होता है।

## साईं भक्तों ने की बाबा की पालकी और प्रभात फेरी की अगवानी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालु पिछले 14 दिनों से प्रतिदिन सुबह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी और प्रभात फेरी निकालकर बाबा की भक्ति का अलख जगा रहे हैं। केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में मंगलवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में जैसे ही बाबा की सजी-धजी पालकी पहुंची, साईं बाबा के जयघोष के बीच भजनों पर नाचते-गाते भक्तों ने समूचे क्षेत्र को साईंमय बना दिया। गोयल विहार कॉलोनी में सुनील शर्मा के निवास से निकली इस पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी का पूरे क्षेत्र में जबरदस्त स्वागत हुआ। समूचे क्षेत्र को रंगोली, दीपों, विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित किया गया था। घर-घर बाबा की पालकी की अगवानी जयघोष और पूजन, अभिषेक, आरती के साथ हुई।

## गीता भवन ट्रस्ट में राम ऐरन पुन: अध्यक्ष, राठी सचिव एवं बाहेती कोषाध्यक्ष - मित्तल अस्पताल सचिव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गीता भवन न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संरक्षक न्यासी विनोद अग्रवाल एवं वरिष्ठ न्यासी प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई जिसमें गीता भवन ट्रस्ट मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। राम एरन पुन: अध्यक्ष चुन लिए गए। अन्य पदाधिकारियों में रामविलास राठी सचिव, मनोहर बाहेती कोषाध्यक्ष एवं गीता भवन अस्पताल की संचालन समिति में दिनेश मित्तल सचिव तथा प्रेमचंद गोयल, महेशचंद्र शास्त्री, राजेश गर्ग केटी, हरीश जाजू एवं मनोहर बाहेती सदस्य मनोनीत किए गए। अध्यक्ष राम ऐरन पिछले 20 वर्षों से गीता भवन के न्यासी हैं। इस अवधि में वे 10 वर्षों तक कोषाध्यक्ष, 5 वर्षों तक मंत्री एवं 4 वर्षों से अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

## जटिल मोतियाबिंद सर्जरी के पश्चात लेंस प्रत्यारोपण पर शोध के लिए डॉ. टीना अग्रवाल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई, महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज इंदौर की प्रोफेसर एवं नेत्र सर्जन डॉ. टीना अग्रवाल ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन्हें भारत के प्रतिष्ठित नेत्र विज्ञान जर्नल इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी में प्रकाशित उनके शोधपत्र के लिए 'बेस्ट ओरिजिनल आर्टिकल - कैटरैक्ट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया कि यह सम्मान 12 से 15 मार्च 2026 के मध्य जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। इस शोध कार्य में उनके साथ डॉ. महेश अग्रवाल, डॉ. साक्षी तिवारी तथा सांख्यिकी विशेषज्ञ श्री दुर्गेश शुक्ला सह-लेखक रहे, जिन्हें भी इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। यह शोध जटिल मोतियाबिंद सर्जरी के बाद उन मरीजों में लेंस प्रत्यारोपण की नई तकनीक पर आधारित है, जिनमें ऑपरेशन के दौरान सामान्य रूप से कृत्रिम लेंस प्रत्यारोपण संभव नहीं हो पाता है।

## संकल्प से समाधान अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्वयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान आगामी 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 65 सेवाओं और 41 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 39 हजार 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख 37 हजार 197 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों की निराकरण की प्रक्रिया भी जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में गत 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से प्रारंभ यह अभियान ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर चार चरणों में संचालित होगा। अभियान की संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है।

## अग्रवाल समाज के गणगौर महोत्सव में हुई रंगारंग स्पर्धाएं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में वरुण विक्ट्री परिसर सभा गृह में आयोजित भव्य गणगौर मेले में अग्रवाल-वैश्य समाज की महिलाओं ने अपनी उत्साहपूर्ण मौजूदगी दर्ज कराई और शुभ सिटी से लेकर वरुण विक्ट्री तक गणगौर का बाना भी निकाला। मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच लगाकर बैंड-बाजों सहित निकले इस बाने का आत्मीय स्वागत भी हुआ। संगठन के संस्थापक अरविन्द बागड़ी ने बताया कि गणगौर महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए बनी-ठनी, मिस्टर एंड मिसेज एसर-पार्वती, बिंजौरा सजाने सहित अनेक स्पर्धाएं भी आयोजित की गई। इस दौरान म्यूजिकल तम्बोला का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम विजेता को इलेक्ट्रिक कायनेटिक टू व्हीलर एवं लक्की ड्रा के साथ डेढ़ लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार भी मुख्य अतिथि विजय मन्नालाल गोयल, विष्णु बिंदल एवं रामनारायण अग्रवाल ने भेंट किए।

## न्यू बैलेंस का भारत में विस्तार, हाई स्ट्रीट अपोलो में खुला शानदार नया स्टोर




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●वैश्विक एथलेटिक ब्रांड न्यू बैलेंस, जो अपनी बेमिसाल कारीगरी और रनिंग इनोवेशन के लिए दुनिया भर में मशहूर है, ने इंदौर के हाई स्ट्रीट अपोलो में अपने नए स्टोर का आधिकारिक उद्घाटन कर दिया है। यह स्टोर महज़ एक रिटेल आउटलेट नहीं, बल्कि ग्राहकों को ब्रांड की दुनिया से रूबरू कराने के लिए तैयार किया गया एक खास डेस्टिनेशन है। यहाँ न्यू बैलेंस की तकनीक और स्टाइल का अनूठा संगम देखने को मिलता है, जहाँ 1080, 9060 और 574 जैसे प्रतिष्ठित मॉडल्स के साथ-साथ हाल ही में लॉन्च हुआ रनिंग शू 'एलिप्स' भी उपलब्ध है। अब इंदौर के निवासी एक आधुनिक और इंटरैक्टिव स्पेस में ब्रांड के लेटेस्ट परफॉर्मेंस और लाइफस्टाइल कलेक्शन का सीधा अनुभव कर सकेंगे। इस अवसर पर अपनी खुशी साझा करते हुए न्यू बैलेंस इंडिया के कंट्री मैनेजर, राधेश्वर डावर ने कहा, 'हमें इंदौर में न्यू बैलेंस का अनुभव लाते हुए बेहद गर्व हो रहा है। यह शहर अपनी जीवंतता, दृढ़ता और तेजी से बढ़ते फिटनेस प्रेमियों के लिए जाना जाता है। हमारा यह नया स्टोर सिर्फ खरीदारी की जगह नहीं है, बल्कि एक ऐसा डायनेमिक स्पेस है जहाँ रनर्स, एथलीट्स और स्टाइल के प्रति जागरूक युवा हमारे इनोवेशन और कारीगरी को करीब से देख और महसूस कर सकते हैं।'

## जनसुनवाई सम्पन्न: कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याएँ संवेदनशीलता से सुनी और किया त्वरित निराकरण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने लोगों से संवाद कर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया और अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर समय-सीमा में प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एक भावनात्मक प्रकरण सामने आया। जिसमें अपनी बहन को नया जीवन मिलते देख परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। मरीज़ की बहन दिव्या जायसवाल ने बताया कि उनकी बहन ज्योति जायसवाल के शरीर के अंगों ने अचानक काम करना बंद कर दिया था, जिससे उनकी स्थिति बेहद गंभीर होकर जीवन के अंतिम चरण तक पहुंच गई थी।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: नई शर्तों और वैश्विक शुल्क ढांचे के इंतजार में टला हस्ताक्षर

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता नए वैश्विक शुल्क ढांचे और कच्चे तेल की शर्तों के कारण रुक गया है। भारत ने स्पष्ट किया है कि साझेदारी समान हितों और राष्ट्रीय संप्रभुता की कसौटी पर ही आगे बढ़ेगी। भारत और अमेरिका के बीच पिछले महीने जिस अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनी थी, उसे लेकर कई तरह की दुविधाएं थीं और कुछ शर्तें पहले ही सवालों के घेरे में थीं। अमेरिका की ओर से जिस ढांचे में शुल्क दरें तय करने की बात कही गई थी, उसे भारत के लिहाज से घाटे का सौदा माना जा रहा था। एक तरह से तभी इस बात की आशंका बन रही थी कि भारत इस मसले पर अमेरिका से पुनर्विचार करने को कह सकता है। मगर कई बार वैश्विक समीकरण इस तरह काम करते हैं कि दोनों पक्षों को मौजूदा तकाजों के मुताबिक फैसला लेना होता है। शायद यही वजह है कि उस समय अमेरिका की ओर से शुल्क दर घटा कर अठारह फीसद कर दिया गया था और भारत ने उस पर सहमति जताई थी। मगर अब भारत सरकार की ओर से यह साफ कहा गया है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता तभी आगे बढ़ेगा या उस पर हस्ताक्षर होंगे, जब नया वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर इसी महीने हस्ताक्षर होने थे, लेकिन चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पुरानी शुल्क दरों को अमान्य करार दे दिया गया, इसलिए अब वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को वैश्विक व्यापार के लिए नया ढांचा तैयार करने की जरूरत पड़ रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी व्यापार समझौते में शामिल देश तभी सहमत होते हैं, जब उन्हें विश्व बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले ज्यादा सुविधाएं या लाभ मिलें। मगर पिछले महीने अमेरिका के साथ जिन परिस्थितियों में व्यापार समझौते पर बात आगे बढ़ी थी, उसे भारत के लिहाज से अनुकूल नहीं कहा जा सकता था। खासतौर पर शुल्क दरें तय किए जाने की कसौटी चूंकि समान नहीं थी, इसलिए आने वाले वक्त में इस मसले पर संतुलन बनाने की मांग उठने की पूरी संभावना थी। इसके अलावा, खुद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के शुल्क दरों के ढांचे को कठघरे में खड़ा कर दिया। हालांकि एक वस्तुस्थिति यह भी है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भले ही वार्ता आगे बढ़ रही थी, लेकिन अब तक यह केवल समझौते के प्रारूप तक ही पहुंची थी और इसके लिए किसी कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं हुए थे।

# अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच रहा है



सोमवार की देर रात पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर हवाई हमला कर दिया। अफगानिस्तान के उप सरकारी प्रवक्ता ने इस हमले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में नशाखोरों का इलाज करने वाले एक अस्पताल को निशाना बनाया। इस हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 400 हो गई है। पाकिस्तान ने सोमवार की देर रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर जो हवाई हमला कर दिया उसके बारे में अफगानिस्तान के उप सरकारी प्रवक्ता ने इस हमले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में नशाखोरों का इलाज करने वाले एक अस्पताल को निशाना बनाया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में, हमदुल्लाह फितरत ने कहा कि सोमवार रात हुए हमले में अस्पताल का बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया। उन्होंने बताया कि अब तक मरने वालों की संख्या 400 हो गई है, जबकि 250 लोग घायल हुए हैं। फितरत ने कहा कि बचाव दल इमारत में लगी आग पर काबू पाने और पीड़ितों के शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं।अफ़गानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के विशेष दूत रिचर्ड बेनेट ने अस्पताल पर हुए हमले में आम नागरिकों की मौत पर चिंता व्यक्त की है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि अस्पतालों जैसे सार्वजनिक स्थानों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। काबुल में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है क्योंकि निवासियों ने शहर के ऊपर लगातार हवाई गतिविधियों की सूचना दी है। पाकिस्तानी सेना ने हाल के हफ्तों में कई बार काबुल पर हमले किए हैं, जिससे भारी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं। पाकिस्तान ने पहले अस्पताल को निशाना बनाने से इनकार किया था और कहा था कि सोमवार को काबुल और पूर्वी अफगानिस्तान में किए गए अन्य हमलों में किसी भी नागरिक स्थल को निशाना नहीं बनाया गया था। इसके अलावा अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की सेना पर हवाई हमलों में काबुल के उस अस्पताल को निशाना बनाने का आरोप लगाया, जहां नशाखोरों का इलाज किया जाता है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 400 से अधिक लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि पूर्वी अफगानिस्तान में किए गए हमलों में किसी भी नागरिक स्थल को निशाना नहीं बनाया गया था।

अफगानिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि अस्पताल का पूरा हिस्सा नष्ट हो गया है। अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने भी वीडियो पोस्ट किया। स्थानीय टेलीविजन स्टेशनों ने एक इमारत के मलबे में दमकलकर्मियों को आग बुझाने के लिए संघर्ष करते हुए फुटेज प्रसारित किया। यह कथित हमला अफगान अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों के बीच उनकी साझा सीमा पर गोलीबारी की घोषणा के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसमें अफगानिस्तान में चार लोग मारे गए। पड़ोसी देशों के बीच वर्षों में सबसे भीषण संघर्ष तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। दूसरी तरफ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि काबुल में किसी भी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया था। ङ्क पर एक पोस्ट में, पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने कहा कि हमलों में 'काबुल और नंगरहार में अफगान तालिबान और अफगानिस्तान स्थित पाकिस्तानी आतंकवादियों के सैन्य प्रतिष्ठानों और आतंकवादी समर्थन बुनियादी ढांचे, जिनमें तकनीकी उपकरण और गोला-बारूद भंडार शामिल हैं, को सटीक रूप से निशाना बनाया गया था।' मंत्रालय ने कहा कि इन सुविधाओं का इस्तेमाल निर्दोष पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ किया जा रहा था। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का लक्ष्यीकरण 'सटीक और सावधानीपूर्वक किया गया था ताकि कोई भी अप्रत्यक्ष नुकसान न हो।' यही नहीं बताया जा रहा है कि हमले के बाद यहां स्थित एक बड़े कमर्शियल मार्केट में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब 150 से ज्यादा दुकानें जलकर खाक हो गई और व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हमला रिहायशी और व्यावसायिक इलाके के करीब हुआ, जिससे लोगों में डर और गुस्सा दोनों देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर इस घटना के खौफनाक वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें जलकर राख हुआ बाजार साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय बख्तावर न्यूज एजेंसी के हवाले से मेयर मौलवी अब्दुल्ला मुस्तफा बताया कि रविवार सुबह करीब 4 बजे शहर की ओर कई गोले दागे गए। ये गोले एक बाजार में गिर गए, जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों को काफी मेहनत करनी पड़ी।ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर दोनों देश आपस में क्यों लड़ रहे हैं। खुद को मुसलमानों का लीडर बताने वाला मुल्क पाकिस्तान आखिर मासूमों की जान क्यों ले रहा है? आइये जानते हैं पूरी डिटेल इस संघर्ष के पीछे मुख्य कारण पाकिस्तान का यह आरोप है कि अफगान तालिबान पाकिस्तान के आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को सुरक्षित ठिकाने दे रहा है। टीटीपी को पाकिस्तानी तालिबान भी कहा जाता है। पाकिस्तान का कहना है कि यह संगठन अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहा है, जबकि अफगान तालिबान बार-बार इस आरोप से इनकार करता रहा है।अक्टूबर 2025 में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एक हवाई हमला भी किया था। पाकिस्तान की सेना ने कहा था कि यह हमला पाकिस्तान में आतंकवाद से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सबसे घातक टकराव हुआ, जो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से सबसे बड़ा माना गया। उसी महीने कतर और तुर्की की मध्यस्थता से दोनों देशों के बीच अस्थायी शांति समझौता कराया गया था। लेकिन सऊदी अरब की मध्यस्थता में चल रही बाद की बातचीत 2025 के अंत तक टूट गई। इसके बाद से सीमा पर हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं। 16 फरवरी को एक आत्मघाती हमलावर ने सीमा सुरक्षा चौकी पर हमला किया, जिसमें 11 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी और एक बच्चे की मौत हो गई। यह जानकारी पाकिस्तान की सेना ने दी। 22 फरवरी को पाकिस्तान ने पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी अफगानिस्तान में हवाई हमले किए। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि इन हमलों में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। वहीं अफगान अधिकारियों का कहना था कि इन हमलों में कम से कम 18 लोग, जिनमें आम नागरिक भी शामिल थे, मारे गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने बदले की चेतावनी दी और दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष शुरू हो गया। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अपने गठन के समय से ही खुद को अफगान तालिबान का विस्तार बताता रहा है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा उग्रवादी संगठन है और अमेरिकी विदेश विभाग ने इसे विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है। टीटीपी का गठन 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के बाद की स्थिति से जुड़ा हुआ है। उस समय कई पाकिस्तानी उग्रवादी, जो अफगान लड़ाकों के साथ लड़ चुके थे, पाकिस्तान सरकार के खिलाफ हो गए क्योंकि पाकिस्तान ने अमेरिका के आतंकवाद विरोधी अभियान का समर्थन किया था। ये उग्रवादी बाद में टीटीपी के शुरुआती सदस्य बने और उन्होंने अफगान तालिबान, अल-कायदा और अन्य उग्रवादी समूहों को शरण दी।अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान सरकार ने बाद में इन ठिकानों पर कार्रवाई की, जिससे पाकिस्तानी उग्रवादियों, अफगान तालिबान और अल-कायदा के बीच संबंध और मजबूत हो गए। टीटीपी की आधिकारिक स्थापना 2007 में हुई।

टीटीपी एक ढीले ढांचे वाला संगठन है। इसके कई गुट हैं जिनका मुख्य लक्ष्य पाकिस्तान की सुरक्षा बलों के खिलाफ लड़ाई करना, पश्चिमी प्रभाव का विरोध करना और अपने नियंत्रण वाले इलाकों में शरीयत कानून लागू करना है। समय के साथ इसकी रणनीति में बदलाव भी हुआ है। 2013 में मुल्ला फजलुल्लाह के नेतृत्व में यह संगठन अल-कायदा के और करीब आ गया और सीमा पार हमले बढ़ गए। 2020 में फजलुल्लाह की अमेरिकी ड्रोन हमले में मौत के दो साल बाद टीटीपी ने कहा था कि उसका मुख्य लक्ष्य केवल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाना है।हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंध खराब हुए हैं, लेकिन 1990 के दशक की शुरुआत में दोनों देश सहयोगी थे। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने अफगान तालिबान के गठन में मदद की थी। 2001 से पहले पाकिस्तान ने तालिबान सरकार को सैन्य सलाहकार, विशेषज्ञ और सैनिक उपकरण चलाने के लिए कर्मियों की सहायता भी दी थी। 2001 में अमेरिका और नाटो के साथ आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के बाद पाकिस्तान का तालिबान के प्रति समर्थन गुप्त हो गया। अमेरिकी विदेश विभाग और कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्टों के अनुसार, साथ ही 2012 में लीक हुई एक नाटो रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने अफगान तालिबान की सीधे मदद की और उन्हें शरण भी दी। 2021 में जब अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने सैनिक वापस बुलाए और तालिबान सत्ता में आया, तब पाकिस्तान ने शुरू में नई सरकार का स्वागत किया। उस समय पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तालिबान की वापसी को अफगानों द्वारा 'गुलामी की जंजीरों को तोड़ने' जैसा बताया था। - **अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# 150 आदिवासी ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे, बिजली, सड़क, पानी और पुलिया की कमी से परेशान हैं

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** • जिले के आकांक्षी ब्लॉक झिरनिया में बिजली, पानी, सड़क और पुलिया जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे चार गांवों के 150 से अधिक आदिवासी ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद उन्हें जनपद स्तर से कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। यह ग्रामीण मोहद, घोड़ी बुजुर्ग, अगसिया और अर्दला पालदा गांवों से आए थे। स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान न होने पर वे 55 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत संस्था ने उनकी मदद की। मोहद गांव, जिसकी आबादी लगभग 900 है, में पुलिया न होने से ग्रामीणों को 4 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। किशोरसिंह वास्कले ने बताया कि गांव में बिजली के पोल भी नहीं हैं, जिससे ट्रांसफार्मर से दुर्घटना का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की जगह बदलने की मांग की है। घोड़ी बुजुर्ग गांव (आबादी 1200) में आरसीसी सड़क और पुलिया का अभाव है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। इसी तरह, अगसिया गांव (आबादी 800) में भी सड़क की समस्या है, जहां कच्ची सड़क के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कतें आती हैं। अर्दला पालदा गांव की 2500 की आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है। बसंतीबाई कमल ने बताया कि गांव में पानी की टंकी तो है, लेकिन जलस्तर घटने के कारण पाइपलाइन अनुपयोगी हो गई है। ग्रामीणों को 2-3 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है।

# शॉर्ट सर्किट से 4 एकड़ गेहूं की फसल जली: महेश्वर में ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • महेश्वर में मंगलवार एक किसान की चार एकड़ गेहूं की फसल जल गई। मामला तहसील के ग्राम महतवाड़ा का है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है, जिससे फसल जलकर खाक हो गई। घटना खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारियों के कारण हुई। किसान रमेश पिता गेंदालाल पाटीदार की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 11 बजे हाईटेंशन लाइन से लगातार चिंगारियां निकल रही थीं। इसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दी गई। हालांकि, बिजली आपूर्ति बंद करने में लगभग एक घंटे का समय लगा, जिससे आग तेजी से फैल गई। ग्रामीण और आसपास के सैकड़ों किसान मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर-कल्टीवेटर की मदद से मेढ़ बनाकर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर लगभग 25 प्रतिशत आग पर काबू पा लिया था। आग की बढ़ती लपटों को देखते हुए महेश्वर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। रात 11:50 बजे फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। समय पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से एक बड़ा हादसा टल गया। पड़ोस के किसान नारायण पाटीदार के 60 एकड़ सहित अन्य खेतों में खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी। नारायण पाटीदार ने बताया कि आग उनके खेत से महज 10 फीट की दूरी पर थी।

# ग्रामीणों-अफसरों ने श्रमदान किया; सिर्फ 6% बारिश का पानी ही जमीन में समाता है -कलेक्टर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** • जिले में जल संरक्षण को लेकर चल रहे 'जल संचय जन भागीदारी 2.0' अभियान के तहत पंधाना ब्लॉक के ग्राम घाटीखास में मंगलवार को बड़ा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव की पहाड़ियों पर कंटूर ट्रेंच बनाने के लिए ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर श्रमदान किया। कार्यक्रम में पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, छैगांवमाखन जनपद अध्यक्ष महेंद्रसिंह सावनेर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि घाटीखास की पहाड़ियों पर करीब 10 हजार कंटूर ट्रेंच बनाए जाएंगे। इसी तरह के काम जिले के अन्य विकासखंडों में भी होंगे। इसके अलावा सड़कों के किनारे भी जल रोकने के लिए संरचनाएं बनाई जा रही हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि हर साल अच्छी बारिश के बावजूद गर्मियों में जल संकट इसलिए होता है, क्योंकि हम पानी को रोक नहीं पाते। उन्होंने बताया कि बारिश का सिर्फ 6% पानी ही जमीन में समाहित हो पाता है, बाकी बहकर निकल जाता है। इसलिए जरूरी है कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। महापौर अमृता अमर यादव ने बताया कि 19 मार्च से 'जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0' शुरू किया जाएगा। इसके तहत शहर में वर्षा जल की हर बूंद को बचाने और संरक्षित करने की दिशा में काम किया जाएगा। विधायक छाया मोरे ने कहा कि पिछले साल खंडवा जिले ने जल संरक्षण में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल किया था। इस साल भी उसी उपलब्धि को दोहराने का प्रयास किया जाएगा।

# विश्वविद्यालय छात्रों का चक्काजाम, सुविधाओं की मांग, 7 दिन में समाधान का आश्वासन

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** • क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मंगलवार दोपहर चक्काजाम कर दिया। छात्रों ने बुनियादी सुविधाओं के अभाव और बढ़ी हुई फीस के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यस्ततम एमजी रोड पर लगभग एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े छात्र-छात्राओं ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि पिछले दो साल से कॉलेज में पानी और पर्याप्त आवास की सुविधा नहीं है, जबकि विश्वविद्यालय बनने के बाद फीस चार गुना तक बढ़ा दी गई है।

सूचना मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु मोहनलाल कोरी, कुलसचिव डॉ. मनोहरदास सोमानी, डिप्टी कलेक्टर पी.एस. अगास्या सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को लगभग आधा घंटे तक आश्वासन दिया। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिन में सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो वे हाईवे पर चक्काजाम करेंगे। डिप्टी कलेक्टर पी.एस. अगास्या ने कहा कि प्रशासन स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं का निराकरण किया जाएगा। इस आंदोलन के कारण गणगौर पर्व पर श्रीकृष्ण टॉकीज से गुरुनानक चौराहा तक यातायात पूरी तरह बंद रहा। विश्वविद्यालय, जिसकी शुरुआत पीजी कॉलेज में हुई थी, वर्तमान में सीएचएमओ कार्यालय परिसर के पांच कमरों से कक्षाएं संचालित कर रहा है, जिससे 400 से अधिक विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं।

# अमावस्या, पड़वा पर नर्मदा का जलस्तर मेंटेन रहेगा, 3 दिन तक भारी वाहनों की एंट्री बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • भूतड़ी अमावस्या (18 मार्च) और गुड़ी पड़वा (19 मार्च) के मौके पर खंडवा जिले में स्थित ओंकारेश्वर, मोरटक्का सहित नर्मदा तटों पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था लागू की है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नर्मदा नदी में नियमित जल प्रवाह बनाए रखने और यातायात नियंत्रण को लेकर आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, 17 से 19 मार्च तक रोज सुबह 4 से रात 10 बजे तक नर्मदा नदी का जलस्तर एक समान और स्थिर रखा जाएगा, ताकि स्नान के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न हो। इस दौरान अधिकतम 3 टरबाइन ही संचालित की जाएंगी। वहीं रात में बिजली की मांग कम होने पर 3 से कम टरबाइन भी चलाई जा सकती हैं। पर्व के दौरान श्रद्धालु नर्मदा स्नान के साथ घाटों पर पूजा-अर्चना और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए 17 मार्च सुबह 6 बजे से 19 मार्च रात 12 बजे तक खंडवा-इंदौर मार्ग पर भारी वाहनों के संचालन पर रोक रहेगी।

### इन रूट्स से गुजरेंगे भारी वाहन

बुरहानपुर की ओर से आने वाले वाहन देशगांव से खरगोन, कसरावद, खलघाट, महू होते हुए इंदौर जाएंगे। इंदौर से आने वाले वाहन महू, खलघाट, कसरावद, खरगोन, भीकनगांव होते हुए देशगांव से खंडवा और बुरहानपुर की ओर जाएंगे।

### जरूरी सेवाओं को छूट

प्रतिबंध के दौरान दूध, पानी टैंकर, फायर ब्रिगेड, पुलिस, आर्मी, बिजली कंपनी, एलपीजी-पेट्रोलियम, सब्जी परिवहन और यात्री बसों को पूरी छूट दी गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करें, जिससे पर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनी रहे।

# एफआईएच हॉकी नेशन कप के लिए अभ्यास कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम



**लुसाने (एजेंसी)** ●भारतीय महिला हॉकी टीम आजकल एफआईएच हॉकी नेशन कप की तैयारियों में लगी है। एफआईएच हॉकी नेशन कप 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेला जाएगा। साल 2021 में हुई हॉकी नेशंस कप हॉकी प्रो लीग से बाहर रही सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों की एक शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता है। इसमें विजयी रही टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में प्रवेश मिलता है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में अंतिम स्थान पर होने के कारण प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा नेशन कप में मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष हॉकी टीम भी भाग लेगी। पुरुष वर्ग का टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए पुरुष टीम भी आजकल कड़े अभ्यास में लगी हुई है।

## मुंबई के लिए कठिन होगा सभी विदेशी खिलाड़ियों को अवसर देना : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का कहना है कि इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल मुकाबलों में मुम्बई इंडियंस के लिए विदेशी खिलाड़ियों को अवसर देना आसान नहीं रहेगा। आकाश के अनुसार मुंबई टीम के पास कई विदेशी खिलाड़ी हैं पर सभी को अवसर नहीं दिया जा सकता क्योंकि उसके पास अपने देश के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा स्पिनर राहुल चाहर भी हैं जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकता है। बुमराह के होने से तय है कि उनके चारों ओवर काफी अच्छे रहेंगे। बुमराह ने आईपीएल 2025 में कुल 12 मैच खेले, जिसमें 17.56 की औसत के साथ 18 विकेट लिए थे। मुम्ब 'अपने अभियान की शुरुआत 29 मार्च को मुंबई में अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ करेगी। आईपीएल के पिछले सत्र में टीम क्वालीफायर-2 तक पहुंची थी पर यहां उसे पंजाब किंग्स ने हरा दिया था। चोपड़ा ने कहा, बुमराह पर अपने आप दबाव आ जाता है। वह एक शीर्ष स्तर के गेंदबाज हैं और उन्हें उसे बनाये रखना होता है। वह हर मैच में प्रभाव डालते हैं। एक विकेट की गारंटी देते हैं और विरोधी टीम को रोकते हैं हालांकि इस जिम्मेदारी के साथ ही बहुत ज्यादा दबाव भी आता है, क्योंकि उनके 4 ओवर मुंबई इंडियंस के लिए सबसे अच्छे होते हैं। उन्हें पावरप्ले में एक ओवर, बीच के मध्य ओवरों में एक ओवर , और डेथ ओवर्स में दो ओवर डालने हैं। इसलिए बुमराह पर दबाव बना रहता ही है। उन्होंने कहा कि अगर बोल्ट फिट हैं, तो एमआई उन्हें ही टीम में बनाए रखना चाहेगी।

## सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के कारणों का खुलासा किया



**चेन्नई (एजेंसी)** ●रॉजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आयेंगे। सैमसन ने जिस प्रकार लंबे समय तक रॉयल्स की ओर से खेलने के बाद उसे छोड़ा उसको लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। जिसको लेकर अब संजू ने अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि रॉयल्स में उनका समय समाप्त हो गया था। सैमसन आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक ट्रेड डील के जरिये सीएसके में चले गये थे। सैमसन के रॉयल्स छोड़कर अचानक ही सीएसके में जाने से प्रशंसक भी हैरान थे। इसी को देखते हुए आईपीएल के 2026 सत्र से पहले सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के अपने फैसले को लेकर बताया है। सैमसन ने रॉयल्स के लिए 11 आईपीएल सीजन खेले हैं। जिससे वह टीम के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह 2013 से 2015 तक भी इस टीम का हिस्सा रहे थे, इसके बाद उन्होंने दो सत्र 2016-2017 तब की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स से खेला था। 'यह पहली बार है जब मैं आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ खेलने जा रहा हूं। मैं मैदान पर कदम रखते ही भावनाओं के बारे में ज्यादा नहीं सोचता।

खेल ही सब कुछ तय करता है। मैच से पहले और मैच के बाद, जब मैं पुरानी टीम के साथ खेलता हूं, तो वहां कई खिलाड़ी हैं जिनके साथ हमने बचपन में खेला है। बहुत सारे प्रबंधन से जुड़े और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी हैं। मुझे सबका प्यार और सम्मान मिला है। मैंने पहले कहा, हर किसी का अपना समय होता है। मेरा समय राजस्थान रॉयल्स के साथ था पर अब मैंने आगे बढ़ने का फैसला किया है। इसको लेकर मेरा मन उत्साहित भी है।

# जिंदगी एक शतरंज की तरह : महक चहल



**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री महक चहल ने एक ऐसी तस्वीर साझा की, जिसने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अभिनेत्री पोस्ट में शतरंज खेलती नजर आ रही हैं और इसके साथ उन्होंने जिंदगी को लेकर एक दिलचस्प संदेश भी साझा किया है। महक चहल तस्वीर में शतरंज की बिसात के सामने बैठी दिखाई दे रही हैं। तस्वीर में उनका अंदाज बेहद शांत और गंभीर नजर आ रहा है, मानो वह अपनी अगली चाल के बारे में गहराई से सोच रही हों। शतरंज की बिसात पर सजे मोहरों को ध्यान से देखते हुए उनका यह अंदाज काफी प्रभावशाली लग रहा है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने एक खास संदेश भी लिखा, जिसने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। महक ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी काफी हद तक शतरंज की तरह है। कुछ चालें आपको जीत दिलाती हैं और कुछ से आप सीखते हैं। दोनों ही तरह से, यह सब खेल का हिस्सा है।' उनके इस विचार को सोशल मीडिया पर काफी सराहना मिल रही है और कई लोग इसे प्रेरणादायक बता रहे हैं।

## कविताओं की किताब पर काम कर रही लिसा रे



**मुंबई (एजेंसी)** ●अभिनेत्री लिसा रे अक्सर अपने विचारों और अनुभवों को साझा करती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने एक खास नोट के जरिए बताया कि वह इन दिनों अपनी कविताओं की किताब पर काम कर रही हैं। अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर जानकारी देते हुए अभिनेत्री ने बताया कि शब्द हमेशा से उनके लिए सहारा रहे हैं और अब वह अपनी कविताओं को एक किताब के रूप में पाठकों तक पहुंचाने की तैयारी कर रही हैं। लिसा रे ने अपने नोट में लिखा कि जब भी जीवन उलझा हुआ और जटिल लगता है, तब भाषा और शब्द उन्हें स्थिरता देते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसी शांत और सुरक्षित जगह बनाई थी, जहां वह अपनी कविताएं साझा कर सकें। अब उन्हें महसूस हो रहा है कि इस रचनात्मक यात्रा को व्यापक रूप से लोगों के सामने लाने का सही समय आ गया है। अभिनेत्री के अनुसार वह धीरे-धीरे और निजी तौर पर अपनी कविताओं की एक किताब पर काम कर रही हैं, जिसे जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में यह भी लिखा कि कठिन और अंधेरे समय में लोग कला, संगीत और भाषा के जरिए अपने मन का बोझ हल्का करते हैं। इसी प्रक्रिया में सृजन और अभिव्यक्ति इंसान को मानसिक ताकत देती है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके दूसरे घर दुबई में हाल की घटनाओं को देखना उनके लिए काफी कठिन रहा है।

## उज्जैन संभाग

# नवरात्रि का आरंभ यह 5 गुना शुभ फल प्रदान करेगा - पंडित डिब्बेवाला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर वासंती नवरात्र का आरंभ होता है। इस बार अधिक मास के होने के कारण तिथि के क्षय के दोष एवं शुक्ल पक्षीय वृद्धि के कारण वासंती नवरात्र का आरंभ 19 मार्च गुरुवार के दिन उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र मीन राशि के चंद्रमा की साक्षी में हो रहा है। इस बार नवरात्रि पूर्ण रूप से 9 दिन की होने चलते अलग-अलग नक्षत्र के साथ अलग-अलग प्रकार के योग संयोग बनेंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि पंचक के चौथे नक्षत्र में होगा। नवरात्रि का आरंभ यह 5 गुना शुभ फल प्रदान करेगा। नवरात्रि के समय उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र का संचरण रहेगा। यह पंचक का नक्षत्र है। ऐसी मान्यता है कि पंचक का नक्षत्र 5 गुना शुभ फल प्रदान करता है। साधना उपासना एक समय की जाने वाली पांच समय का पुण्य प्रदान करेगी और दूज के दिन शुक्रवार को होने से रेवती नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। शुक्ल पक्ष की दूज के साथ में पंचक के पांचवें नक्षत्र का समापन या पूर्णता भी योगकारी तथा सिद्ध देने वाली मानी जाती है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र की मान्यता एवं ग्रह गोचर के गणितीय सिद्धांत की दृष्टि से देखे तो नवरात्रि का आरंभ मीन राशि के सूर्य, शनि, शुक्र की युति एवं कुंभ राशि के बुध, मंगल, राहु की त्रिग्रही यूतियों के संयुक्त अवस्था में रहेगा और गुरु से दृष्ट मंगल बुध राहु की युति के परिणाम भी अलग-अलग प्रकार से रहेंगे। ग्रहों के गणित के आधार पर देखें तो इस प्रकार के योग संयोग 300 साल में 8 या 10 बार ही उपलब्ध होते हैं। इस दृष्टि से यह विशिष्ट योग संयोग वाली भी है। देवी भागवत के अनुसार वर्ष भर में चार नवरात्र आते हैं, जिनमें से दो गुप्त और दो प्रकट होते हैं। गुप्त नवरात्र की श्रेणी में देखें तो आषाढ़ व माघ मास की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि होती है। और प्रकट नवरात्रि की श्रेणी में देखे तो चैत्र मास व आश्विन मास को प्रकट नवरात्रि की श्रेणी में रखा गया है।साधक व उपासक के लिए विशिष्ट साधना उपासना की दृष्टि से यह मंगल कारी है।इस दृष्टि से गृहस्थों को भी साधना उपासना करनी चाहिए।

## कार-ट्रक की टक्कर, भाजपा नेता समेत 3 की मौत



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और आयशर ट्रक की टक्कर में भाजपा नेता समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। घायल और शव करीब आधे घंटे तक दुर्घटनाग्रस्त कार में ही फंसे रहे। मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने गेट तोड़कर उनको बाहर निकाला। हादसा उज्जैन-नागदा रोड पर उन्हेल टोल नाके से 5 किलोमीटर पहले गोयला बुजुर्ग गांव में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुआ। कार में आगे की सीट पर बैठे उज्जैन भाजपा के जीवाजी गंज मंडल उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा उर्फ रिंकू (45) और देवेंद्र जोशी (47) दोनों निवासी अब्दालपुरा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पीछे बैठे सुरेश नवलानी (55) निवासी संतराम सिंधी कॉलोनी और प्रवेश मारोठिया (33) गंभीर घायल हो गए। बाद में सुरेश नवलानी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। भाजपा नेता शर्मा और उनके साथी कार से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में सांवरिया सेठ मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। इनमें से एक की सांसें चलती दिखाई दीं। मिश्रा ने तुरंत सीपीआर देना शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इसी दौरान एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। इससे एक घायल को ग्लोबल अस्पताल भेजा गया। दूसरे घायल की स्थिति नाजुक होने के कारण मिश्रा ने उसे अपनी कार में बैठाया। उज्जैन लाकर अवंती अस्पताल में भर्ती कराया।

## कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों को इसी सत्र से मिलेगा दूध का पैकेट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● आगामी शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए यशोदा माता योजना के अंतर्गत दूध का पैकेट दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी आदर्श ग्रामों को वृंदावन ग्रामों के रूप में विकसित किया जाएगा। यह घोषणाएं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नगर विकास योजनाओं एवं सिंहस्थ 2028 के विकास कार्यों के अंतर्गत 664 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कामों के भूमि पूजन के दौरान की। मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगूभाई पटेल रहे। सीएम और राज्यपाल ने 77 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले गीता भवन की आधारशिला भी रखी और 30 करोड़ 68 लाख की लागत से विक्रमनगर रेलवे ओवरब्रिज का भी भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन आने वाला प्रत्येक व्यक्ति हमारा अतिथि होगा। ऐसे में अतिथि की सुविधा और गरिमा में कोई कमी न आए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिंहस्थ 2028 महापर्व को ध्यान में रखते हुए 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य चल रहे हैं। वर्ष 2026-27 में सिंहस्थ के लिए 3 हजार 60 करोड़ रुपए के कार्यों के लिए विशेष प्रावधान किया है।

## टेंट हाउस के गोदाम में आग, एक किलोमीटर से दिख रहा था धुआं, मशक्कत के बाद पाया काबू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ● आगर मालवा के जामुनिया रोड स्थित तोफान टेंट हाउस के गोदाम में मंगलवार शाम भीषण आग लग गई। यह घटना शाम करीब 5 बजे हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें और घना धुआं लगभग एक किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था, जिसके कारण आसपास के रहवासी घबरा गए और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। तहसीलदार रामेश्वर दांगी, थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस, पुलिस बल, दमकल वाहन और पानी के टैंकर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की सहायता से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए भीड़ को नियंत्रित किया, ताकि राहत कार्यों में बाधा न आए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रशासन द्वारा गोदाम में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। समय पर राहत और बचाव कार्य शुरू होने से आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



## हेलीपैड के प्रतीक्षालय को देखने पहुंचे निगमायुक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●नगर निगम द्वारा चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत टैगोर चौराहे से दो तालाब तक का अवलोकन निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा कंसल्टेंट एजेंसी के ठेकेदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग चौड़ीकरण कार्य में सीवर के लिए प्रस्तावित कार्य योजना को सुनिश्चित करें। कार्य को गुणवत्ता पूर्वक एवं शीघ्र गति से पूर्ण करे जिससे रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए। निगम आयुक्त द्वारा हेलीपैड पर प्रगतिरत प्रतीक्षालय का भी अवलोकन किया गया। प्रतीक्षालय में इंटीरियर कार्य एवं रोड निर्माण के कार्य को गुणवत्तापूर्वक तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। निरीक्षण में सहायक यंत्री साहिल मैदावाला, उपयंत्री मुकुल मेश्राम मौजूद रहे।

## उज्जैन के दोनों एलिवेटेड ब्रिज के लिए 945 करोड़ रुपए से अधिक स्वीकृत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार शाम को हुई मंत्री परिषद की बैठक उज्जैन के दो एलिवेटेड ?ब्रिज के लिए राशि स्वीकृति करने से इनके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मंत्री परिषद ने उज्जैन में चिमनगंज मंडी चौराहा से इंदौर गेट तक 4-लेन एलिवेटेड ब्रिज एवं निकास चौराहा से इंदौर गेट तक 2 लेन एलिवेटेड ब्रिज लंबाई 5.32 किमी के निर्माण के लिए 945 करोड़ 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी। गौरतलब है कि इनके लिए टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूरी करवाई जा चुकी है। सीएम ने दोनों एलिवेटेड ब्रिज बनाने की घोषणा उज्जैन में ही ?की थी। लोनिवि ने दोनों मार्ग से ?मिट्?टी के परीक्षण की प्रक्रिया करवाकर डीपीआर तैयार की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### आंबेडकर जयंती की तैयारी शुरू, महू में तीन डोम बनेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जंयती पर होने वाले आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 14 अप्रैल को बाबा साहब की जन्मस्थली महू में विशाल समागम होगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने महू पहुंचकर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, पेयजल के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस बार श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था होगी। महू में तीन डोम बनाए जाएंगे।

### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ, एक अप्रैल तक कर सकेंगे पंजीयन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपना ऑनलाइन आवेदन करें।

# छावनी अनाज मंडी में 'नो एंट्री' पर बवाल, किसानों का सड़क पर धरना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● छावनी अनाज मंडी में मंगलवार को 'नो एंट्री' के समय में बदलाव को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। मंडी प्रशासन द्वारा दोपहर 12.30 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के आदेश से नाराज किसान सड़क पर उतर आए। इसके बाद उन्होंने मंडी परिसर में ही धरना देकर विरोध करना शुरू कर दिया। हंगामे के चलते अनाज की नीलामी दो घंटे तक ठप रही, जिससे किसानों और व्यापारियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

छावनी अनाज मंडी में धरना दे रहे किसानों का कहना था कि दोपहर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के कारण उनकी उपज समय पर मंडी तक नहीं पहुंच पा रही है। देर से पहुंचने के कारण वे नीलामी में भाग नहीं ले पा रहे हैं और इसके कारण उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। आक्रोशित किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए 'नो एंट्री' के समय में बदलाव की मांग



की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडी अध्यक्ष मनोज काला ने बताया कि समस्या से कलेक्टर को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई व्यावहारिक समाधान निकाला जाएगा, जिससे किसानों और यातायात व्यवस्था दोनों के हित सुरक्षित रह सकें। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मंडी सचिव जब किसानों को समझाइश देने पहुंचे तो वे उन्हें गलत जानकारी देने लगे। सचिव ने किसानों से कहा कि व्यापारियों की नाराजगी अनुज्ञा पत्रक को लेकर है, जबकि मुद्दा नो एंट्री का था। इसी बीच एक वीडियो वायरल होने से विवाद और बढ़ गया। वीडियो में मंडी सचिव किसानों के बीच जमीन पर बैठे नजर आ रहे हैं, जिस पर कुछ व्यापारियों ने आपत्ति जताई। हालांकि, मंडी के सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह तोमर ने सफाई देते हुए कहा कि सचिव धरने में शामिल नहीं थे, बल्कि किसानों की समस्याएं सुनने के लिए वहां मौजूद थे। धरना प्रदर्शन के चलते लंबे समय तक अनाज की नीलामी बाधित रही। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर स्थिति को सामान्य करने की कोशिश की। फिलहाल प्रशासन बीच का रास्ता निकालने में जुटा है।

# कोर्ट में महिला जज के ऊपर गिरा पंखा, सिर और कंधे पर लगी चोट; सुनवाई के दौरान हुआ हादसा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मप्र के इंदौर जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मंगलवार को जिला कोर्ट में सुनवाई के दौरान महिला ADJ के सिर पर सीलिंग फैन गिर गया। जज पर सीलिंग फैन के गिरते ही कोर्ट रूम में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग तुरंत जज के पास पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में इलाज के बाद जज को छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद वह अपने घर चली गईं। हालांकि ADJ पर सीलिंग फैन गिरने की घटना कोर्ट परिसर में चर्चा का विषय बनी रही।

**बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने दी जानकारी**-मामले की जानकारी देते हुए इंदौर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एलएन यादव ने बताया कि मंगलवार को ADJ की कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान ADJ के सिर पर सीलिंग




फैन गिर गया। सीलिंग फैन गिरने पर तेज आवाज आई, जिससे कोर्ट में मौजूद लोग एक बार तो दंग रह गए। चूंकि सीलिंग फैन गिरने से ADJ घायल हो गईं थी। उनके सिर और कंधे पर चोट आई थी। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया, जिसके बाद वह अपने घर चली गईं। वहीं इस घटना के बाद कोर्ट रूम की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा कि कोर्ट परिसर में बुनियादी सुविधाओं का भी काफी अभाव है। कोर्ट में आने वाले अधिवक्ताओं का कहना है कि परिसर में कर्मचारियों के लिए टॉयलेट भी नहीं है। एक पब्लिक टॉयलेट है, जिसका सभी लोग उपयोग करते हैं। बारिश के दौरान कई बार कोर्ट रूम में लीकेज भी होता है। दीवारे और छत कमजोर हो चुके हैं।

**छतों में लीकेज, दीवारों में दरारें**-अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कोर्ट की इमारत काफी पुरानी हो चुकी है और यहां की बिजली व्यवस्था भी बेहद खराब हालत में है। कई कोर्ट रूम में पुराने तार और फिटिंग अब भी इस्तेमाल हो रहे हैं, जिससे खतरा बना रहता है। इसके अलावा छतों में लीकेज और दीवारों में दरारें भी लंबे समय से चिंता का कारण बनी हुई हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद केवल औपचारिक मरम्मत की जाती है, जिससे समस्या जस की तस बनी रहती है।

**जज के सामने गिर गया था छत का प्लास्टर**-अधिवक्ताओं का कहना है कि पहले भी इस तरह के घटनाक्रम हो चुके हैं। जज के सामने ही छत के प्लास्टर गिर चुके हैं, लेकिन इन घटनाओं से सबक नहीं लिया जा रहा है। बता दें आने वाले दिनों में पिपलियाहाना में जिला अदालत शिफ्ट होगी। पिपलियाहाना में नई बिल्डिंग बन रही है। हालांकि अभी निर्माण कार्य में डेढ़ साल का वक्त लगेगा। फिलहाल जिस तरह से इंदौर जिला कोर्ट में यह पूरा घटनाक्रम हुआ है, उससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

# शहर में जारी आवासीय मकानों का व्यवसायिक उपयोग

### खुद विधायक भी उठा चुके है विधानसभा में आवाज़, राउ, 2 नंबर और 5 नंबर विधानसभा क्षेत्र, जहां आत्मनिर्भर निगम के जिम्मेदारों को बताया जा रहा ठेंगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम एक तरफ आत्मनिर्भर बनने के लिए आमजनता जो कि पहले से सम्पत्तिकर, जैसे करो का भुगतान करने वालों की कॉलर पकड़ रहा हैं। वहीं दूसरी तरफ इसी इंदौर नगर निगम की नाक के नीचे नियमों को धत्ता बताने वालों को नगर निगम के जिम्मेदारों ने खुली छूट दे रखी हैं। दरअसल अब बात इंदौर की विधानसभा क्षेत्र पांच का ही ले लीजिए। जहां के स्थानीय विधायक महेन्द्र हार्डिया ने विधानसभा में उक्त मामला उठाया। लेकिन इंदौर नगर निगम के जिम्मेदारों ने मात्र 70 से अधिक लोगों को नोटिस जारी करते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। लेकिन उसके बाद इन जिम्मेदारों ने अन्य विधानसभा क्षेत्रों में आगामी कोई कार्ययोजना नहीं बनाई। जिसके तहत आवासीय भूखंडों पर व्यवसायिक उपयोग करने वालों पर नकेल कसी जा सके। इधर इंदौर नगर निगम को राजस्व का भी चुना लगाया जा रहा है लेकिन आत्मनिर्भर बनने के नगर निगम ऐसे करदाताओं को ही टारगेट कर रही है जो पहले से समय समय पर करो का भुगतान कर रहे हैं।

इंदौर नगर निगम ने भवरकुआ, खंडवा रोड स्थित आवासीय मकानों को लेकर सख्ती नहीं दिखाई। जहां लगभग सभी आवासीय मकानों को लोगो ने हॉस्टल, पेइंग गेस्ट हॉस्टल बना रखा हैं।

दो नंबर विधानसभा क्षेत्र के विजय नगर एरिया में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। जहां लगभग प्रत्येक घर हॉस्टल बन चुका हैं। आवासीय उपयोग हेतु बनाए गए घरों को लोग हॉस्टल के रूप में उपयोग कर रहे हैं। बाहरी छात्र और छात्राओं से मुंह मांगा रुपया वसूला जा रहा हैं। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र पांच के विधायक महेन्द्र हार्डिया उक्त मामला विधानसभा तक में उठा चुके हैं। लेकिन इंदौर नगर निगम के जिम्मेदारों ने मात्र नोटिस जारी करते हुए अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया। जबकि विधानसभा पांच के महालक्ष्मी नगर, रिंग रोड, जैसे इलाकों में आवासीय मकानों को लोगो ने हॉस्टल बना रखा हैं।

इधर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पांच के रिंग रोड पर इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 97 स्थित भूखंड इंदौर विकास प्राधिकरण ने आवासीय उपयोग हेतु आवंटित किए थे। लेकिन यहां इन भूखंडों पर व्यवसायिक उपयोग लगातार, बेखौफ जारी हैं। कई भूखंडों पर होटल, बार, रेस्टोरेंट तान दिए गए हैं।

### इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य एक अप्रैल से होगा शुरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य एक अप्रैल से प्रारंभ होगा। समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। संभाग में गेहूँ उपार्जन के लिए एक लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बताया गया कि इंदौर जिले में 71713, झाबुआ में 7120, धार में 44466, अलीराजपुर में 476, खण्डवा में 35104, बुरहानपुर में 523, बड़वानी में 4724 तथा खरगोन में 27557 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी। गेहूँ की खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया है कि सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला लिया है। अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कुल 19 लाख 4 हजार 651 किसानों ने पंजीयन कराया है। गत् वर्ष 15 लाख 44 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। शाजापुर में 73878, नीमच में 19445, उज्जैन में 123281, आगर-मालवा में 42446, मंदसौर में 65195, देवास में 76442, रतलाम, 45912, अशोक नगर में 16454, दतिया में 19118, शिवपुरी में 21312, ग्वालियर में 13763, गुना में 22914, भिण्ड में 12788, मुरैना में 10893, श्योपुर में 17617, डिण्डौरी में 4478, सागर में 75791, पन्ना में 30052, दमोह में 39938 और जिला छतपुर में 34378 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# शताब्दी वर्ष में मालवा प्रांत के 100 प्रतिशत गांव-मोहल्लों और 90 प्रतिशत घरों में पहुंचा संघ-शास्त्री

### आरएसएस में संभाग स्तर पर नई संरचना लागू होगी, मालवा प्रांत के स्थान पर इंदौर व उज्जैन संभाग कहलाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी संगठनात्मक संरचना में बड़ा बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत अब पूरे राज्य को एक ही प्रांत के रूप में संगठित किया जाएगा। इससे पहले मध्य प्रदेश में संघ के तीन अलग-अलग प्रांत (मध्य भारत, मालवा और महाकौशल) कार्यरत थे। लेकिन अब प्रांती का विभाजन कर संभाग में बांटा जाएगा। मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में मालवा प्रांत संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री ने बताया कि नई संरचना के अनुसार विभागीय व्यवस्था बनी रहेगी, लेकिन उसके ऊपर संभाग स्तर की इकाई बनाई जाएगी। इसी आधार पर पदनाम और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रदेश कार्यसमिति का गठन होगा, जिसका नेतृत्व राज्य प्रचारक करेंगे। संघ की नई व्यवस्था में संगठन विस्तार और समन्वय के कार्यों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियों में बांटा जाएगा, ताकि कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनाई जा सके।

**नई भौगोलिक रचना में देश में नी क्षेत्र और 85 संभाग होंगे:** कार्यविस्तार के फलस्वरूप कार्य संचालन और निर्णय प्रक्रिया के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से संघ की भौगोलिक रचना में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। नई भौगोलिक रचना में देश में नी क्षेत्र और 85 संभाग होंगे। मालवा में नई रचना के तहत मध्य प्रदेश में सात संभाग बनाए जाएंगे, जिनमें भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर और रीवा शामिल होंगे। इन




संभागों में संभाग प्रचारकों की नियुक्ति की जाएगी। वर्तमान प्रांत व्यवस्था के स्थान मार्च 2027 से संभाग रचना कार्यरूप में प्रभावी होगी

**रविदासजी के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर सरकार्यवाहजी का वक्तव्य:** मालवा प्रांत संघचालक 7. प्रकाश शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष को संत रविदास जन्म जयंती वर्ष के रूप में भी मनाया जाएगा। साथ ही भाजपा में प्रभारक भेजने का निर्णय अब क्षेत्र स्तर पर लिया जाएगा। प्रतिनिधि सभा में संत शिरोमणि रविदासजी महाराज जी के प्राकट्य के 650 में वर्ष में सरकार्यवाह जी ने वक्तव्य जारी किया। संघ ने रविदासजी के जीवन संदेश के मर्म को समझ कर, देश की एकता और समरसता के कार्य के संकल्प का आह्वान किया है। 2008 में मालवा प्रांत में थी 1500 शाखाएं, आज 5 हजार से ज्यादा: मालवा प्रांत में 2008 तक कुल 1500 शाखाएं भी, लेकिन आज 5049 शाखाएं है। मालवा प्रांत में कुल 3,292 स्थानों पर 527 विद्यार्थी और महाविद्यालयीन शाखा सहित कुल 5,049 शाखा है। इस वर्ष प्रांत में 150 विद्यार्थी शाखाओं में वृद्धि हुई। प्रांत में 1961 साप्ताहिक मिलन चल रहे है। मालवा प्रांत में 672 सेवा कार्य युक्त एवं 299 शाखा युक्त सेवा बस्तियां हैं।

**हिंदू सम्मेलनों में 70 लाख से ज्यादा सम्मिलित हुए**-हिंदू समाज की सांस्कृतिक एकता व संगठित शक्ति, धर्म जागरण और पंच परिवर्तन को आचरण में लाने के उद्देश्य से स्थानीय समाज की आयोजन समितियों के द्वारा 37 प्रांतों 37,048 मंडल और बस्तियों में आयोजित हिंदू सम्मेलनरी में साढ़े तीन करोड़ लोग सम्मिलित हुए। मालवा प्रति में 1355 मंडल और 940 बस्तियों में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में 70 लाख से अधिक समाजजन सम्मिलित हुए। नागालैंड, मणिपुर, अंडमान-निकोबार तथा बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण स्थानों में भी हिंदू सम्मेलनों के कार्यक्रम संपत्र हुए।

**कार्यकारी मंडल बैठक इंदौर में:** इस वर्ष की अखिल भारतीय कार्यकारी महल की बैठक आगामी अक्टूबर-नवंबर माह में इंदौर में होगी। इस बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित देश के सभी प्रांतों से 450 कार्यकतों आयेंगे। इसमें आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे। यह बैठक पहली बार इंदौर में होने जा रही है।

### अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस की टीम पर हमला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जब अवैध शराब को पकड़ने गई पुलिस की टीम पर ही हमला हो गया, जिसमें एक सब-इंस्पेक्टर और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए. बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम पर 10 से ज्यादा लोगों ने पत्थर फेंके.

**अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गए आरोपी**-पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी और सोमवार-मंगलवार की रात सिमरोड गांव के एक कच्चे मकान में छिपाई गई अवैध शराब पकड़ने गई थी. उन्होंने बताया कि पुलिस टीम पर 10 से ज्यादा ग्रामीणों ने पत्थर फेंके, जिसमें सब-इंस्पेक्टर और एक आरक्षक घायल हो गए. पथराव के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए. अंधेरा होने की वजह से पुलिस की टीम पत्थर फेंकने वालों की पहचान नहीं कर सकी. ग्रामीणों ने अचानक से हमला किया, जिसके लि पुलिसकर्मी बिल्कुल तैयार नहीं थे.

**5 लाख रुपए की जब्त की गई शराब**-डीएसपी की तरफ से बताया गया है कि पथराव की खबर मिलते ही पुलिस का अतिरिक्त बल मौके पर भेजा गया और आबकारी अधिनियम के तहत कुल 1,200 बल्क लीटर देशी और विदेशी शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपए है.

# अप्रैल अंत तक फिर से दौड़ने लगेंगी राज्य परिवहन की बसें

### सरकारी बसों की बाधाएं दूर करने में जुटी सरकार, आशंकित हैं निजी ऑपरेटर्स

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्यप्रदेश में 22 साल से बंद पड़ी राज्य परिवहन की बसें अगले महीने से फिर सड़कों में दौड़ेने लगेंगीं। निजी ऑपरेटर्स ने अपने नुकसान को लेकर आपत्तियां जताई है। प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी मार्गों का सर्वे के बाद परिवहन कंपनियों से सरकार की चर्चा अंतिम दौर में है। अप्रैल अंत तक इंदौर-उज्जैन संभाग से जुड़े मार्गो पर सस्ते किराए के साथ सरकारी बसें शुरू की तैयारी है। बसों की मॉनिटरिंग लागू करने लाइव ट्रेकिंग और एआई सिस्टम के लिए संभागीय स्तर पर समानांतर फुलप्रूफ व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि सभी



स्तर पर बातचीत हो चुकी है और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। बसों के संचालन को लेकर निजी बस ऑपरेटर्स ने विभाग के सामने अपनी आशंकाएं और समस्याएं भी रखीं हैं। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर सभी रूट पर ये बसें संचालित की जाएंगी।

#### पुख्ता व्यवस्था बनाने की कवायद

परिवहन विभाग और नव गठित यात्री परिवहन कंपनी का सारा फोकस इस बात पर है कि बस संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी लूपहोल न रहे। क्योंकि अव्यवस्था और भ्रष्टाचार के चलते 22 साल पहले राज्य परिवहन निगम की बसें बंद हो गई थीं।

#### पहले इन शहरों में दौड़ेंगी बसें

दो दशक बाद शुरू होने वाली सरकारी बसों का संचालन पब्लिक की सुविधा बढ़ाने के साथ आर्थिक रूप से भी फायदे में रहे इसके लिए पहले प्रमुख जिलों का चयन किया गया है।

इनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, जबलपुर और रीवा शामिल हैं। इन संभागों से जुड़े जिले भी साथ-साथ जुड़ते जाएंगे। चयनित मार्गो पर ट्रेफिक यात्रियों का दबाव और बसों की संख्या आदि का सर्वे हो चुका है।

#### सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट

पिछले साल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकारी बस परिवहन सेवा अप्रैल 2026 से शुरू करने का ऐलान किया था। इसलिए विभागीय अधिकारी पूरी ताकत से तैयारी में जुटे हैं। सूत्रों का कहना है कि राज्य परिवहन की बसें संचालन के लिए कंपनी का पंजीयन पहले ही हो चुका है। राज्य स्तरीय इस कंपनी के अध्यक्ष मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री व मुख्य सचिव उपाध्यक्ष रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।